Regarding need to restart Smelter Plant of Hindustan Copper Limited at Ghatshila in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मैं जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला प्रखंड स्थित मऊभंडार में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के स्मेल्टर प्लांट को पुनः चालू करने के संबंध में एक महत्त्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूँ ।

यह स्मेल्टर प्लांट, जो दिसंबर 2019 से बंद पड़ा है । इसके बंद होने से न केवल स्थानीय मजदूरों, बल्कि उनके परिवारों की बेरोजगारी बढ़ी है । उनकी रोजी-रोटी और बच्चों की शिक्षा तथा बेटियों की शादी जैसी बुनियादी जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं ।

मेरा माननीय मंत्री जी निवेदन है कि इस प्लांट को मॉर्डनाइज करके और कॉपर अयस्क की उपलब्धता को सुनिश्चित करके इसे जल्द से जल्द फिर से चालू किया जाए । इसके साथ ही, एचसीएल की बंद ताम्र खदानों को भी त्वरित गति से खोलने की आवश्यकता है । यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है, और यहां रोजगार का अन्य कोई विकल्प नहीं है । प्लांट के पुनः चालू होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ेगा ।